राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018
www. rsmsssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(68)RSSB/अर्थना/शीघ्र.लि./भर्ती /2018/५९३ दिनांक : 25-03-2021

–:: कार्यालय आदेश ::–

विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि संशोधन हेतु दिशा निर्देश

बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं के आवेदन पत्रों में त्रुटियों के संबंध में बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई त्रुटि रह जाती है तो इस त्रुटि को ठीक करने के लिए बोर्ड द्वारा कोई ऑफलाइन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थी को उसके आवेदन पत्र में रह गई त्रुटि को स्वयं के स्तर पर ऑनलाइन ही ठीक करना होगा। इसके लिए अभ्यर्थी को संबंधित परीक्षा के आयोजन के पश्चात् आनॅलाइन त्रुटि संशोधन हेतु एक निश्चित समय दिया जायेगा जिसमें अभ्यर्थी स्वयं अपनी रह गई त्रुटि को ऑनलाइन शुद्ध कर सकेगा। संशोधन हेतु दिनांक एवं समय के लिए सूचना पृथक् से प्रकाशित की जाएगी। ऑनलाइन संशोधन हेतु दिये गये समय में निर्धारित संशोधन शुल्क का भुगतान कर आरक्षण संबंधी मूल श्रेणी, क्षैतिज/विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, जन्म दिनांक, वैवाहिक स्थिति, लिंग आदि त्रुटियों का संशोधन कर सकेगा।

आवेदक कृपया ध्यान दें की आवेदक के नाम, आवेदक के माता/पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन **प्रतिबंधित** रहेगा तथा ऑनलाइन या ऑफलाईन संशोधन नहीं किया जाएगा। आवेदक के नाम, आवेदक के माता/पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय अवसर दिया जाएगा। जिसमें वह अपने दस्तावेज सत्यापन के साथ अन्य त्रुटि में संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकेगा।

बोर्ड द्वारा कोई ऑफलाइन संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र बिना किसी कार्यवाही के पत्रित कर दिये जायेंगे।

24/3/21
सचिव